## खबर संक्षेप



### महाशिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ी शिव भक्तों की भीड़, हुआ भंडारा

**उमरियापान।** महाशिवरात्रि पर्व पर उमरियापान क्षेत्र के तमाम मंदिरों पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। बुधवार को पूरे दिन शिवालय परिसर हर-हर महादेव,बम बम भोलेनाथ के जयकारे से गुंजायमान रहे। भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए सुबह से ही शिव मंदिरों पर महिला श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। उमरियापान के बड़ी माई मंदिर, शिव मंदिर, सन्यासी महाराज मंदिर, हनुमान मंदिर,बावली मंदिर और चंडी माता,खेरमाता मंदिर सहित आसपास के गांवों के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, भांग-धतूर,जल, दूध ,पुष्प ,गेंहू की बाली, आम की बोलें,बेर,चना आदि चढ़ाकर भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा किया। महिलाओं व युवतियों के अलावा पुरुषों ने भी निराहार रहकर व्रत रखा और परिवार की सुख- समृद्धि की कामना की।इसके अलावा उमरियापान व आसपास के गांवों के मंदिरों और शिवालयों में भी अखण्ड रामायण और भण्डारे का आयोजन हुआ। मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक भी किया गया।कई स्थानों में भगवान भोलेनाथ की पूजन अर्चन के साथ प्रतिमा स्थापित की गई। उमरियापान के झंडा चौक स्थित हनुमान मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर महिलाओं और युवतियों ने शिवलिंग निर्माण किया। वैदिक ब्राम्हणों ने विधि विधान से रूद्राभिषेक कराया। पूजन अर्चन के बाद शाम को महिलाओं ने पुलिया तालाब में शिवलिंग विसर्जन किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### नेशनल लोक अदालत आयोजन 8 मार्च को

**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल नेतृत्व में 08 मार्च 2025 दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय कटनी तथा तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 एन.आई. एक्ट (चौक बाउंस), मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, सिविल न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरण एवं अन्य प्रकार के दीवानी प्रकरणों का आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। इसी प्रकार प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में धारा 138 एन.आई.एक्ट, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर तथा सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक एवं दीवानी प्रकरण का भी निराकरण किया जाएगा।

### विषाक्त पदार्थ का सेवन करने से दो की मौत

**कटनी।** विषाक्त पदार्थ का सेवन करने से एक किशोरी एवं युवक की मौत हो गई। घटना स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार प्रभा काछी पिता कैलाश काछी 14 निवासी स्लीमनाबाद तिराहा ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ी गई। परिजनों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान मौत हो गई है। इसी प्रकार बहोरीबंद थाना अंतर्गत नरेंद्र मेहरा पिता दसई राम निवासी सिझरी की जहरीले पदार्थ के खाने से इलाज दौरान मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामलों को जांच में लिया है।

## शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में भक्ति भाव एवं हर्षोल्लास से मनाया गया महाशिवरात्री का पर्व

# महादेव की भक्ति में डूबे श्रद्धालु, धूमधाम से निकली शिव बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



देवाधिदेव महादेव के विवाह का पर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर सहित ग्रामीण अंचलों के शिवालयों में विविध धार्मिक आयोजन किये गये। सुबह से ही हर हर महादेव... जय महाकाल.. के जयकारे गुंजायमान होते रहे। महाशिवरात्रि के पर्व पर समूचा नगर देवाधिदेव महादेव की भक्ति में डूबा नजर आया। शिवालयों में भजन कीर्तन, हवन पूजन व धार्मियों आयोजनों का सिलसिला चलता रहा। जर्लापण करने शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की खासी भीड़ उमड़ी। शिवालयों में जल व दूध से अभिषेक के साथ भगवान शंकर की पूजा-अर्चना की गई। महाआरती का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने व्रत व उपवास रखकर शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, बेर, गेहूं की बालियां आदि चढ़ा कर सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के प्रमुख मधई मंदिर में महा रुद्राभिषेक व विशेष पूजन अर्चन का आयोजन किया गया। शाम को भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई। बारात शोभायात्रा में गाजे बाजे के साथ निकाली गई भगवान शिव की बारात में बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरूषों की उपस्थिति रही।

भक्ति गीतों की धुनों पर लोग नाचते गाते, भोलेबाबा का जयघोष करते चल रहे थे। झांकियों और ढोल-नगाड़ों के बीच भक्तगण 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ शामिल हुए। मंदिर में दिन भर हवन पूजन भंडारा चलता रहा। इस दौरान भक्तों द्वारा मंदिर परिसर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक भी किया गया। भोलेबाबा की बारात के लिए शहर के प्रमुख मार्गों पर विशेष सजावट की गई है, जिससे महाशिवरात्रि का पर्व और भी भव्यता आ गई है।

महाशिवरात्रि के आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मुख्य मंदिरों और शिव बारात के मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा।

शिव बारात मधई मंदिर से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, झंडा बाजार, सराफा बाजार, घंटाघर मोड़, गर्ग चौराहा, टिकियामल चौराहा, गजानन टॉकीज, गोलबाजार, कमानिया गेट पहुंची। यहां दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में महाआरती का आयोजन

## भोलेनाथ बने दूल्हा, श्रद्धालु बने बाराती



बरही नगर बाबा विजयनाथ की पवित्र नगरी बरही में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आज बाबा विजयनाथ धाम शिव मंदिर में सुबह 4, बजे से श्रद्धालुओं ने भोर से ही मंदिर में जलाभिषेक और पूजा अर्चना करने वालों का तांता लगा रहा मंदिर में विशेष सजावट की गई थी। हर वर्ष की भांति महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। बाबा भोलेनाथ की बारात के साक्षी बने वहीं उज्जैन महाकाल भैरवनाथ अखाड़ा के संत कैलाश पुरी महाराज बरही पहूंचे उनका भक्तों ने जोरदार स्वागत किया रथ में सवार होकर बारात में शामिल हुए बाबा भोलेनाथ की बारात रामलला मंदिर से प्रारंभ की गई।

नगर भ्रमण करते हुए मुख्य बाजार कमानिया गेट पुराना बस स्टैंड होते हुए विजय नाथ धाम पहुंची। नगर के व्यापारियों द्वारा बारात का जगह-जगह स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया व पूजा अर्चना की गई भोलेनाथ की बारात में भोलेनाथ डमरू में सवार होकर निकले श्रद्धालुओं की भीड़ जयघोष के साथ गूंजे हर हर महादेव के जयकारें नगर में आतिशबाज़ी ढोल-नगाड़े रोड लाईट के साथ बारात निकाली। इस कार्यक्रम में लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं और अपना सहयोग दिया। एतिहासिक कार्यक्रम में भूतनाथ नंदी औघड़ दानी शामिल हुए जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। नगर व ग्रामीणों के लोगों का भारी जन सैलाब उमड़ा लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की आराधना में लीन नजर आ रहे थे महाशिवरात्रि पर्व नगर में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। समिति द्वारा मंदिर में भव्य आयोजन किया गया भंडारे व प्रसाद वितरण किया गया। नगर के महिला पुरुषों व युवाओं ग्रामीण जन श्रद्धालुओं का जन सैलाब भारी संख्या में बाबा भोलेनाथ की बारात के साक्षी बनते हैं।

नगरपरिषद अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल द्वारा नगर में चौतरफा प्रकाश व्यवस्था करवाई गई थी बरही नगर सजा हुआ था वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा थाना प्रभारी नगर में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया था जगह-जगह पुलिस बल तैनात था ।

## उमरियापान में भगवान की जीवंत झांकी के साथ निकली बारात




महाशिवरात्रि पर्व पर अनुराग रामायण मंडल के द्वारा उमरियापान में भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की बारात धूमधाम से निकाली गई। बैंडबाजों की धुन में भगवान भोलेनाथ की बारात में शामिल श्रद्धालु झूमते रहे।बारात में भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की जीवंत झांकी शामिल रही। बारात में भगवान भोलेनाथ और उनके संगे साथी के साथ बाराती बने श्रद्धालु भी जमकर झूमे। कटरा बाजार के जोगी मंदिर से शुरू हुई भगवान की बारात अँधेली बाग,चण्डी माता मंदिर, बावली मंदिर, बस स्टैंड, झंडा चौक ,बड़ी माई मंदिर, बरातरे सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः कटरा बाजार पहुँची। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव व माता पार्वती के दर्शन कर पूजन अर्चन किया। इस मौके पर सभी को प्रसाद का वितरण किया। श्रद्धालुओं ने बारात का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में युवा और बुजुर्ग श्रद्धालु शामिल रहे।

### बकुहली के घने जंगल में भोलेनाथ के दर्शन करने पहुँचे श्रद्धालु

घने जंगलों के बीच उमरियापान से करीब 12 किलोमीटर दूर बकुहली स्थित भोलेनाथ के मंदिर में भगवान का पूजन किया गया। पथरीली डगर और घना जंगल होने के बाद में यहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँचे। श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ के अलावा रामभक्त हनुमान,देवी नर्मदा दर्शन कर पूजन कर सुख समृद्धि की कामना किया। भगवान के पूजन के बाद कन्या भोज और फिर भंडारे का आयोजन हुआ।भंडारे में माताएं बहनें, बच्चे-बुजुर्ग सहित श्रद्धालुओं ने जंगलों के बीच बकुहली पहुँचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं श्रद्धालुओं ने वाघयंत्रो के साथ देरशाम तक भजन कीर्तन किया। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने जंगलों के प्राकृतिक दृश्य और जंगली जानवरों को देखा और मनोरम दृश्य को अपने कैमरे में कैद किया।

## महाशिवरात्रि में रूपनाथ धाम पहुंचे कलेक्टर ने किया पूजा-अर्चन



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने महाशिवरात्रि महापर्व पर बहोरीबंद तहसील स्थित रूपनाथ धाम पहुंचकर भगवान शंकर की पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। कलेक्टर श्री यादव ने विधि-विधान से यहां भगवान शंकर का जल और दुग्ध अभिषेक किया। इस दौरान एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया भी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री यादव ने भगवान शंकर से जिलेवासियों के कल्याण, सभी को सुख-शांति और समृद्धि प्रदान कर सभी के जीवन से अंधकार को मिटा कर सद्गुणों से प्रकाशवान बनाने के आशीर्वाद की कामना भी की।

## नरवाई न जलाएं कृषक उन्नत कृषि यंत्र का उपयोग करें

# फसल अवशेष जलाने से नष्ट हो जाती है उर्वरता शक्ति, उत्पादन भी होता है कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने जिले के सभी कृषक भाईयों को सलाह दी है कि वर्तमान में रबी की फसल परिपक्वता की ओर है। आगामी माह मार्च, अप्रैल, मई, जून में गेहूं की फसल कटाई का कार्य प्रारम्भ होना है । जिसमें प्रायः देखने में आता है कि जिले के कृषको द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन करना एक महत्वपूर्ण चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। जिससे कि कृषक उन अवशेष को नष्ट करने के लिए आग लगाकर प्रबंधन करते है जो कि कदापि उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि फसलों के अवशेष जलाने से भूमि की उर्वरता शक्ति नष्ट हो जाती है एवं फसलों की उत्पादन क्षमता धीरे-धीरे कम हो जाती है। जिससे भूमि में पाये जाने वाले लाभदायक जीवाणु की संख्या में कमी आती है। फसल अवशेषों के प्रबंधन करने के लिए उन्नत कृषि यंत्र जैसे- कम्पाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम एवं स्ट्रा रीपर लगी मशीन से ही फसल कटाई का कार्य एवं प्रबंधन किया जाये । जिले में बाहर से आये हुए हार्वेस्टर यदि बिना स्ट्रा रीपर मशीन के साथ आते है तो वह पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगें। जिन पर कार्यवाही के लिए शासन बाध्य होगा।

उन्होंने बताया कि जिले में समस्या देखने में आती है, इसके लिए जन जागरण के लिए जिले के सभी सामाजिक संगठन, जिला पंचायत, राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग कर्मचारी एवं सभी राजनैतिक दल से आह्वान किया जायेगा एवं पर्यावरण किसान एवं भूमि के हित में अपना योगदान दें ताकि जिले को नरवाई न जलाकर नरवाई मुक्त किया जा सके। साथ ही इस समाधान के कारण जिले में पशुधन के लिए पर्याप्त भूसा जिले में उपलब्ध हो सकेगा।

जिले के कृषकों द्वारा कम्बाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा रीपर अटैचमेंट मशीन से ही नरवाई फसल प्रबंधन कार्य कराया जाये।

## लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत लगाया जुर्माना

# कार्यवाही: 7 पंचायत सचिवों के विरूद्ध चार हजार रूपये की शास्ति आरोपित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




मप्र लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा से 2 दिन विलंब से जन्म प्रमाण पत्र और विवाह प्रमाण पत्र देने पर 7 पंचायत सचिवों के विरूद्ध कुल मिलाकर 4 हजार रूपये की शास्ति अधिरोपित की गई है।

### समय पर नहीं दिया प्रमाण पत्र

ग्राम सनकुई के पंचायत सचिव एवं पदाभिहित अधिकारी गुमान सिंह बागरी ने ग्राम सनकुई के संदीप रजक और पुष्पेंद्र कुमार कुर्मी द्वारा जन्म का अप्राप्यता प्रमाण पत्र का आवेदन 15 जनवरी को किया था। जिसका निराकरण 24 जनवरी को किया जाना था। लेकिन 27 जनवरी की स्थिति में आवेदन समय से बाह्य प्रदर्शित होकर लंबित था। इस मामले को स्वप्रेरणा से लेते हुए विलंब के लिए आवेदन के निराकरण के बिना पर्याप्त एवं युक्तियुक्त कारण के समयावधि में सेवा प्रदाय करने में विलंब के लिए दोनों मामलों को मिलाकर 1 हजार रूपये का जुर्माना किया गया है।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत चोरा कनेरा के सचिव विकास तिवारी द्वारा विवाह पंजीयन के आवेदक पूजा के आवेदन समय बाह्य प्रदर्शित होकर लंबित था। इसके लिए 500 रूपये का जुर्माना किया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत मुरवारी को आवेदक प्रतीक्षा ने जन्म के अप्राप्यता प्रमाण पत्र हेतु आवेदन दिया था। जो भी समय सीमा से बाह्य प्रदर्शित होकर लंबित था जिसके लिये मुरवारी के सचिव बशरूल हक मंसूरी के विरूद्ध 500 रूपये की शास्ति अधिरोपित की गई है।

### लगाया गया जुर्माना

इसके अलावा जन्म का अप्राप्यता प्रमाण पत्र का आवेदन जिन ग्राम पंचायतों मंज समय बाह्य होकर लंबित था उनमें ग्राम पकरिया पचपेढी, ग्राम पंचायत सारंगपुर खंद्वारा, ग्राम पंचायत दुर्जनपुर और ग्राम पंचायत बड़ागांव के पदाभिहित अधिकारी और पंचायत सचिवों के विरूद्ध 500-500 रूपये की शास्ति अधिरोपित की गई है।

संबंधित पदाभिहित अधिकारी और पंचायत सचिवों के विरूद्ध शास्ति का आदेश उप जिला विवाह रजिस्ट्रार एवं जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु पवन कुमार अहिरवार द्वारा जारी किया गया है।

## ढीमरखेड़ा के ग्राम कोठी में आज आएंगे राज्यपाल

# कलेक्टर व एसपी ने तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का लिया जायजा



### राज्यपाल कोठी गांव के पीएम जनमन योजना के हितग्राहियों से करेंगें संवाद

राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज कटनी जिले के विकासखण्ड ढीमरखेड़ा के कोठी गांव के संक्षिप्त प्रवास पर रहेंगें। राज्यपाल श्री पटेल का आज प्रातः 9 बजे खजुराहो एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 9.20 बजे कटनी जिले के दादर सिहुड़ी हेलीपैड पर आगमन होगा। हेलीपैड से श्री पटेल प्रातः 10.20 बजे कार द्वारा कोठी गांव पहुँचेंगें। यहां वे प्रातः 10.20 बजे से प्रात 11.25 बजे तक पीएम जनमन आवास योजना के हितग्राहियों से संवाद करेंगें। तदुपरांत वे यहां हेलीपैड दादर सिहुड़ी से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रातः 11.40 बजे उमरिया जिले के भरौला हेलीपैड के लिये प्रस्थान करेंगें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्यपाल मंगुभाई पटेल का गुरूवार 27 फरवरी को ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम कोठी में आगमन के मद्देनजर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने बुधवार को यहां पहुंचकर स्थल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री यादव और पुलिस अधीक्षक ने दादर सिहुड़ी स्थित हेलीपैड की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और राज्यपाल श्री पटेल द्वारा निरीक्षण किये जाने वाले निर्माणाधीन बहुद्देशीय सामुदायिक भवन एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा कलेक्टर श्री यादव ने प्रधानमंत्री जनमन आवासों एवं हितग्राहियों से संवाद स्थल का अवलोकन कर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहेरिया, एसडीएम ढीमरखेड़ा विंकी सिंह मारे उइके, एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा, सीएमएचओ डॉ. आरके आठ्या, कार्यपालन यंत्री पीएचई के एस डामोर, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी शारदा सिंह और डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहें।

## नव निर्मित मंदिर में भगवान शंकर की हुई स्थापना

**सिलौंडी।** सिलौंडी में महाशिव रात्रि के अवसर पर भगवान शंकर की घर घर पूजन, अभिषेक का आयोजन हुआ । प्राचीन शिव मंदिर ,बालाजी मंदिर ,पंचमुखी सेवा न्यास सहित मंदिरों में भगवान शिव का अभिषेक पूजन हुआ । सिलौंडी के शिव चौक में पुराने शिव मंदिर का पुन नया शिव मंदिर बना उसमे भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा पुरोहित गोपी मिश्रा ने पूरे विधि विधान से कराई है । भगवान शिव का अभिषेक ,पूजन अर्चन कर प्रसाद का वितरण हुआ । इस अवसर पर बंटू राय नेगई,आरती राय , कंजू राय ,सरला राय,डॉक्टर सुशील राय,हेमंत राय ,शरद राय ,विनोद राय ,अमरीश राय ,सेवा राम साहू , शिप्रा राय ,प्रियम राय ,छवि राय ,अनिकेत राय ,देव राय सहित ग्रामीणों की मौजूदगी रही ।

## कल्याणी विवाह के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये प्रचार-प्रसार करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रदेश में निवासरत कल्याणियों (विधवा) को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने एवं जीवन की नई शुरूवात करने के लिये प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ष्मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजनाष वर्ष 2018 में प्रारंभ की गई है। शासन की यह कल्याणकारी योजना निरंतर संचालित की जाकर कल्याणियों को विवाह के बाद राशि 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना के पात्रता के मापदंड- कल्याणी व कल्याणी का पति म.प्र. के मूल निवासी हो। विवाह के समय कल्याणी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष या उससे अधिक व कल्याणी के पति की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक हो। कल्याणी आयकरदाता न हो तथा कल्याणी शासकीय कर्मचारी/अधिकारी न हो, किसी राज्य/केंद्र सरकार या शासन हित पोषित निगम, उपक्रम, संस्था के अधीन कार्यरत कर्मचारी/अधिकारी न हो। कल्याणी को परिवार पेंशन प्राप्त न हो रही हो। कल्याणी का जिस व्यक्ति से विवाह हुआ हो उसकी पूर्व से कोई जीवित पत्नि न हो। कल्याणी व कल्याणी के पति की समग्र आई.डी. में पंजीयन हो।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में 24 जनवरी 2025 को मंत्री परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय की कंडिका 8 के अनुसार सामूहिक विवाह आयोजन के साथ ही कल्याणी विवाह को प्रोत्साहित करने के लिये मंत्रीगणों को अवगत कराया गया है। इस योजना का प्रदेश एवं जिला स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना है, जिससे जरूरतमंद कल्याणियों को अधिक-से-अधिक लाभ मिल सके।

## खबर संक्षेप

### बीमारियों एवं बर्ड फ्लू से बचाव के संबंध में सलाह

**कटनी।** उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. आर.के.सोनी ने मुर्गे- मुर्गियों की बीमारियों से बचाव के लिए और बर्ड फ्लू- एवियन इन्फ्लूएंजा से बचाव के संबंध में आम नागरिकों को सलाह दी है। उन्होंने मुर्गे- मुर्गियों की बीमारियों से बचाव के लिए दूरी बनाये रखने, साफ- सफाई रखने, पोल्ट्री फार्म में बीमारियों को प्रवेश करने से रोकने, पोल्ट्री फार्म से उपकरण उधार न लेने, संकेतों को जानने, बीमारी की सूचना और बर्ड फ्लू- एवियन इन्फ्लूएंजा से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. सोनी ने बताया कि पक्षियों को बर्ड फ्लू एवं अन्य कई बीमारियां हो सकती हैं। ये बीमारियां एक पक्षी से दूसरे पक्षी में व दूषित पानी से अथवा प्रभावित पक्षी के मल-मूत्र पंखों आदि के जरिये पूरे झुंड को तेजी से प्रभावित कर सकती हैं। उन्होंने इसके बचाव के लिए विभिन्न तरीके अपनाने की अपील की है। पक्षियों को बाड़े में बंद रखिये, केवल पोल्ट्री फार्म की देखभाल करने वालों को ही पक्षियों के पास जाना चाहिये। पक्षियों के बाड़ों को साफ- सुथरा रखें और पक्षियों का भोजन और पानी रोजाना बदलें। पोल्ट्री फार्म, बाड़े को नियमित रूप से संक्रमण मुक्त करते रहें। उन्होंने बताया कि अपने आपको और बाजार से या अन्य फार्मों में अन्य पक्षियों के सम्पर्क में आने वाली हर चीज की साफ- सफाई रखें। नये पक्षी को कम से कम 30 दिन तक स्वस्थ पक्षियों से दूर रखें।

### खेत के मकान में मिली सरकारी धान, कार्यवाही



**कटनी।** समर्थन मूल्य पर क्रय की गई सरकारी धान की हेराफेरी के मामले सामने आ रहे हैं। बड़वारा मझगंवा में वेयर हॉउस से चोरी की गई धान और ट्रकों से रात के गिरवाई गई बोरिया मझगंवा में एक खेत के अंदर बने घर में पाई गई जिसे मौक़े पर वेयर हॉउस के अधिकारियो के द्वारा पहुँच कर पंचनामा कार्यवाही कर पकड़ा गया। मौक़े पर बड़वारा पुलिस भी मौजूद रही। पुरे प्रकरण जाँच पड़ताल कर जाँच शुरू कर दी गईं हैं कि आखिरकर सरकारी बोरिया और टैग कहा से आए जिसके बाद आगे की वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी शर्मा नामक व्यक्ति के खेत में बनें मकान के अंदर से सरकारी धान की खाली बोरिया, सरकारी टैग और जली हुई सरकारी बोरिया मिली हैं। सरकारी धान जो वेयर हॉउस से ट्रक द्वारा जाती थी उसे कम दामों में खरीद कर खेत में स्टॉक कर लिया जाता था और बोरिया खाली करके दूसरी बोरियो में धान पलटी कर दी जाती थी। खाली सरकारी बोरो को जलाने का भी प्रयास किया गया और कुछ 50 से 60 बोरे बंद कमरे में ताला लगाकर रखा गया था जिसे मौके पर मौजूद अधिकारियो द्वारा खुलवा कर पंचनामा कर कार्यवाही की गईं।

### भागवत कथा में रूकमिण श्रीकृष्ण विवाह का आयोजन

**कटनी।** दुबे कॉलोनी स्थित शिवधाम में शिवरात्रि के अवसर पर सार्वजनिक संगीतमय श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ कथा आचार्य अनुज कृष्ण शास्त्री के मुखारबिंद से अमृतमयी वर्षा भक्तों को सुनाई जा रही है। बुधवार दोपहर को रेखा अंजू तिवारी ने बताया कि रूकमणी कृष्ण विवाह समारोह धूमधाम से बडे हर्षोल्लास के साथ मिलकर मनाया गया। इस अवसर पर कटनी की प्रथम नागरिक महापौर प्रीतिसंजीव सूरी अपने सहयोगियों सहित पहुंच कर प्रभु श्रीकृष्ण रूकमणी विवाह में भक्तो के संग नृत्य किया। शिव धाम के युवा यूथ द्वारा वृहत स्तर पर सनातन धर्म संप्रदाय को लेकर बहुत ही सराहनीय पहल की गई है आगे भी ऐसे प्रयास करते रहिए हम आप सब के साथ-साथ हुआ। कार्यक्रम मे अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ सहित बाबा शिव धाम भक्तगणो की उपस्थित रही।

---

**जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, जाम से वाहन चालक व राहगीर हो रहे परेशान**

# मापदंडों पर खरे नहीं मैरिज गार्डन, बारातों से यातायात का बज रहा बाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर की व्यस्त सड़कों पर इन दिनों बारातों के निकलने से जगह-जगह पर जाम की स्थिति आम हो गई है। मॉडल रोड के किनारे जगह जगह संचालित मैरिज गार्डन के चलते रात्रि में जाम के हालात आम हो गए हैं कमोवेश यही स्थित बस स्टैण्ड, मंडी रोड के अलावा शहर के अंदरूनी मार्गों में भी बारातों के निकलने से यातायात थम जाता है। शादियों का सीजन होने से रोजाना ट्रैफिक दबाव बन रहा है। एक ही समय में दर्जन भर से अधिक बारात लगने से मुख्य मार्गों में वाहन रेंगते हुए नजर आ रहे हैं। बारातों से ट्रैफिक बाधित हो ही रहा था, वहीं मैरिज गार्डनों के बाहर वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग की वजह से भी जाम लग रहा है। शहर के ज्यादातर मैरिज गार्डनों में एनजीटी के नियम के तहत पार्किंग के लिए जगह न छोड़े जाने से ट्रैफिक व्यवस्था गड़बड़ा रही है।

मॉडल रोड में ही दर्जनों मैरिज गार्डन संचालित हैं। शादियों के दौरान इस मार्ग पर जाम की समस्या सबसे अधिक रहती हैं।



फाइल फोटो

शादियों का सीजन होने से शाम से ही जाम लगना शुरू हो जाता है। यह स्थिति विवाह समारोह समाप्त होने तक बनी रहती है। सड़क किनारे वाहनों की पार्किंग होने के कारण अन्य वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। मुख्य मार्ग पर स्थित कई मैरिज गार्डनों में पार्किंग की पर्याप्त जगह नहीं है। यहां आने वाले वाहन सड़क पर पार्क होते हैं।

नगर में वैध और अवैध मैरिज गार्डनों में बारातों का सिलसिला चल रहा है। शहर भर में करीब आधा सैकड़ा मैरित गार्डन, होटल व धर्मशालाएं संचालित हैं। इनमें से ज्यादातर पिछले कुछ साल के दरम्यान में ही खुले हैं। शहर में तेजी से नए-नए मैरिज गार्डन एवं हाल खुल रहे हैं। मौजूदा समय में शहर के लगभग हर हिस्से में मैरिज गार्डन खुल चुके हैं। कई गार्डन तो तंग गलियों के अंदर खुले हुए हैं। मैरिज हॉल के अलावा शहर में धमर्शालाएं भी संचालित हैं। कई धर्मशालाएं भी पार्किंग व अन्य मापदंडों के अनुरूप नहीं हैं। इन संस्थानों में मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है।

मैरिज हाल बनाने की अनुमति लेने के दौरान ननि अमला मौका मुआयना भी नहीं करता है। इस दौरान मौके पर पहुंचने वाले अधिकारियों को पार्किंग, ड्रेनेज, हॉल, सड़क आदि की जगह व्यवस्थित तौर पर संचालक द्वारा दर्शायी जाती हैं, लेकिन संस्थान तैयार होने पर पार्किंग की जगह का उपयोग दूसरे कार्यों में होने लगता है। शहर में कुछ मैरिज गार्डनों को छोड़कर अन्य मैरिज गार्डनों में मापदंड के तहत पार्किंग के लिए जगह नहीं रखी गई है। जाम लगने से शहरवासी परेशान हो रहे हैं।

अवैध रूप से चल रहे मैरिज गार्डनों को लेकर प्रशासन द्वारा पूर्व में गार्डन संचालकों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। हर बार सिर्फ नोटिस तक ही प्रशासन की कार्रवाई सीमित रहती है। मैरिज गार्डनों में जरूरी व्यवस्थाओं को लेकर सख्ती के साथ कदम नहीं उठाए जाने के कारण शहरवासियों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

---

# आदतन अपराधी के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने थाना माधवनगर ग्राम पहाड़ी निवासी 25 वर्षीय आदतन अपराधी पंकज कुमार चौधरी पिता रामदयाल चौधरी के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला बदर की कार्यवाही करते हुए 3 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से निष्कासित कर दिया है। कलेक्टर ने आदतन अपराधी पंकज के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदनों के आधार पर की है।

पंकज कुमार चौधरी के विरूद्ध वर्ष 2024 में भारतीय दंड संहिता की धारा 506 के अधीन 2 आपराधिक प्रकरण एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 351 के अधीन 3 प्रकरण पंजीबद्ध है, जिसमें अन्य गंभीर धाराओं का भी उल्लेख है। विगत तीन वर्षो में अनावेदक के विरुद्ध अश्लील कार्य करना, उपहति कारित करना, साधनों द्वारा उपहति कारित करना, स्त्री पर हमला करना, अंगविक्षेप, किसी वर्ग के धर्म का अपमान करने के आशय से उपासना स्थान क्षति करने के अपराध भी पंजीबद्ध है जिसमें कारावास या जुर्माना का प्रावधान निहित है।

पंकज की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये जाने के बाद भी कोई सुधार नहीं होने से उसकी आपराधिक गतिविधियों एवं कृत्यों के कारण आमजन का स्वच्छंद विचरण करना मुश्किल हो गया है। साथ ही क्षेत्र के आम नागरिक दैनिक जीवन के कृत्यो को सामान्य रूप से करने मे असहज महसूस करने लगे। पंकज की आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने के कारण आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने तथा क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने पंकज कुमार चौधरी के विरूद्ध राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया की राजस्व सीमाओं से 3 माह के लिए निष्कासित करने का आदेश जारी किया है।

आदतन अपराधी पंकज को न्यायालय में नियत पेशी पर उपस्थित होने की अनुमति रहेगी।

---

**बड़वारा नगर एवं ग्रामीण अंचलों में भक्तिभाव से मनाया गया पर्व**

# भोले के दरबार में लगी भक्तों की कतार, दुग्धाभिषेक एवं भंडारे का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा नगर में शिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिरों में आकर्षक सजावट की गई। सुबह से ही महिलाओं ने पूजा की थाल सजाकर भगवान महाकाल की पूजा अर्चना बड़े ही भक्ति भाव के साथ कीं।

### सुप्रसिद्ध हनुमान ताल में हुआ भव्य आयोजन

बड़वारा नगर में स्थित हनुमान ताल में स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर जन समुदाय भगवान स्वयंभू के दर्शन को एकत्रित हुए। भगवान शिव की पूजा, हवन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं ने भंडारे की महा प्रसाद ग्रहण किया



### बस स्टैंड स्थित शिवालय में हुआ पूजन भंडारा

बड़वारा के बस स्टैंड में समाज सेवियों एवम युवाओं के द्वारा भगवान भूतनाथ का पूजन किया गया ततपश्चात भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय लोगों के साथ राहगीरों ने भी प्रसाद ग्रहण किया।

बड़वारा थाना में भी शिवरात्री पर्व के पुनीत अवसर पर थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी व हमराह स्टाफ के सौजन्य से भगवान भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक करवाया गया एवम भंडारे का आयोजन करवाया गया। भंडारे की प्रसाद को भारी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया। रात्री में मंदिर में रामायण पाठ का आयोजन किया गया।

### आदर्श मोहल्ला में आयोजन

बड़वारा में आदर्श मोहल्ला में मोहल्ले वालों के सौजन्य से भगवान शंकर जी का पूजन किया गया। श्रद्धालु जनों ने भी पूजन अर्चन किया। पूजन के पश्चात हवन किया गया। सभी के सौजन्य से भंडारे का आयोजन किया गया। सभी ने भंडारे की प्रसाद ग्रहण किया।

---

## अटल बिहारी बाजपेई की जन्म शताब्दी पर हुई संगोष्ठी



भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर आज न्यू कटनी मंडल के द्वारा बाबा घाट में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन तथा संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरणादायी है उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। इससे पूर्व अटल जी की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष चमनलाल आनंद, रामचंद्र तिवारी, पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन ने अटलजी के साथ साझा हुए अपने वक्त है संस्मरण सुनाए। श्रीमती अलका जैन ने बताया कि उनके पिता स्व निर्मलचंद जैन तथा अटल जी का जीवन साथ–साथ चला लिहाजा अटल जी से उनके पारिवारिक सम्बंध थे कई यादे आज भी जहन से विस्मृत नही होती। चमनलाल आनंद ने अटल जी के कटनी आगमन को लेकर अपनी यादे बताई, वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी ने वरिष्ठ नेता दयाराम तिवारी के चुनाव के दौरान अटल जी की सभा के दौरान हुए संस्मरण को साझा किया।

---

# कब्जा दिलाने पहुंची टीम तनाव के बीच वापस लौटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बैंक में बंधक पड़ी एक संपत्ति की नीलामी के बाद खरीददार को कब्जा दिलाने के लिए बैंक के कर्मचारी, राजस्व अधिकारी एवं पुलिस बल के साथ राय कॉलोनी पहुंचे। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति भी निर्मित रही। जहां एक तरफ खरीददार ने कब्जा लेने के लिए विधि संगत कार्यवाही करने की बात कही, वहीं संपत्ति पर अपना हक जताते हुए अग्रवाल परिवार के सदस्यों ने कहा कि हमने बैंक से किसी तरह का कर्ज लिया ही नहीं। जब हमने कर्ज ही नहीं लिया तो फिर बिना किसी पूर्व सूचना के आखिर कैसे हमारी संपत्ति पर बैंक के द्वारा नीलामी की कार्यवाही करा सकती है।

जानकारी के अनुसार जिस संपत्ति को लेकर जद्दोजहत चल रही थी उसके संबंध में न्यायालय



कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कटनी के द्वारा प्रकरण क्रमांक 35/बी-121/2023 में आवेदक प्राधिकृत अधिकारी पंजाब नेशनल बैंक रिकवरी सेन्टर सर्कल आफिस 1227 नेपियर टाउन जबलपुर विरुद्ध मेसर्स मार्डन मशीनरी एजेन्सी प्रो. सुबोध अग्रवाल पिता स्व० हनुमान प्रसाद अग्रवाल पता बी.डी.अग्रवाल वार्ड कटनी में आदेश पारित किया जा चुका है। पारित आदेश 22.08.2023 के आदेशानुसार ग्राम टिकुरी पटवारी हल्का नंबर 44 राजस्व निरीक्षक मण्डल मुड़वारा अंतर्गत खसरा नंबर 26/1/क एवं 26/2/क (पुराना खसरा नंबर 26/1, 26/2. 27/5) कुल रकवा 0.057 हे0 (6250 वर्गफुट) को रिक्त करवाकर वास्तविक कब्जा दिलाये जाने का आदेश पारित किया गया है। उच्च न्यायालय द्वारा कब्जा दिलाये जाने का निर्देश दिये गये है। उक्त आदेश के पालन में आवेदक को कब्जा दिलाये जाने हेतु कार्यवाही गत दिवस की गई। हालांकि यह कार्यवाही अधूरी ही रह गई।

---

**एसपी एवं कलेक्टर से शिकायत कर न्याय दिलाने की गई मांग**

# लोन दिलाने के नाम पर किसान से साथ धोखाधड़ी, कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एक किसान के कम लिखे पढ़े होने का फायदा उठाकर लाखों रूपए का लोन निकाल लिया गया। किसान को जब बैंक से नोटिस आया तब जाकर उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी की जानकारी लगी। किसान ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र के माध्यम से अपना दुखड़ा सुनाते हुए न्याय दिलाने तथा दोषी के विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। मामला बड़वारा क्षेत्र के ठुठिया का है। एजेंट द्वारा किसान के नाम पर 15.50 लाख रुपए का लोन निकालकर धोखाधड़ी की गई। यह राशि बढ़कर 23 लाख 50 हजार रुपए हो गई है। किसान ने इस फर्जीवाड़े में बैंक के एजेंट, बैंककर्मियों की संलिप्तता के आरोप पीड़ित ने मढ़े हैं।

किसान लालजी सिंह गोंड़ ने बताया कि उनके और उनके पिता के नाम पर खेती की जमीन है, जिससे वह परिवार का भरण-पोषण करते हैं। करीब दो साल पहले एक्सिस बैंक के एक कर्मचारी अंकुर श्रीवास ने उनसे संपर्क किया और किसान क्रेडिट कार्ड के तहत सरकारी योजना का लाभ दिलाने के नाम पर लोन दिलाने की बात कही। बिना जानकारी लाखों रुपए निकाले-जब लालजी सिंह ने बैंक जाकर पूरी जानकारी ली, तो पता चला कि उनके खातों से एटीएम और चेक बुक के माध्यम से कई बार पैसे निकाले गए। इतना ही नहीं, सरकारी योजनाओं के तहत उनके खाते में भेजी गई सहायता राशि भी गुपचुप तरीके से निकाल ली गई। इस तरह से बैंककर्मी और अन्य लोगों की मिलीभगत से उनके नाम पर लाखों रुपए का लोन लिया गया और हेरफेर किया गया। किसान लालजी सिंह ने इस पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से की है। उन्होंने बैंक और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### इस तरह की गई धोखाधड़ी

किसान को केसीसी के माध्यम से शासकीय योजनाओं का लाभ दिलवाने के बहाने से उनके नाम से दो खाते खोले गए। एक खाता में लोन सीमा 4 लाख 50 हजार रुपए तय की गई। दूसरे अलावा में लोन सीमा 11 लाख रुपए रखी गई। लालजी सिंह का आरोप है कि बैंककर्मी ने उनके साथ धोखाधड़ी करते हुए उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर की सिम, दोनों खातों के एटीएम और पासवर्ड ले लिए। शुरुआत में एक बार थोड़ी राशि निकालकर उन्हें दी गई और कहा गया कि जब और पैसा आएगा, तब उन्हें दे दिया जाएगा, लेकिन इसके बाद कभी भी उन्हें कोई रकम नहीं दी गई। हाल ही में जब बैंक से 23 लाख 50 हजार रुपए के बकाया लोन का नोटिस उनके घर पहुंचा, तब उन्हें इस धोखाधड़ी का पता चला।

इस मामले को लेकर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने कहा कि यह मामला मेरे संज्ञान में है। इस मामले को लेकर लीडा बैंक प्रबंधक को जांच कराकर रिपोर्ट देने कहा है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उनके अनुसार आगे उसके अनुसार कार्रवाई कराई जाएगी।

---

**पेट्रोल पंपों पर बने पीयूसी सेंटर शोपीस ही साबित हो रहे**

# प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की नहीं हो रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वाहनो से निकल रहे प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिये प्रत्येक पेट्रोल पंप पर प्रदूषण जांच केन्द्र होना चाहिये। ताकि मौके पर ही वाहनों की जांच की जा सके। तदाशय के आदेश का पेट्रोल पंपों पर वाहनों का प्रदूषण नही जांचा जा रहा है। नतीजन सड़क पर वाहन प्रदूषण फैला रहे है।

### किसी को नहीं है सरोकार

निर्देशो के तहत परिवहन विभाग द्वारा आवेदक को तत्काल पीयूसी सर्टिफिकेट दिया जाना था। इससे ये पता चलता कि कितने वाहन प्रदूषण फैला रहे है। इस प्रक्रिया के लिये पंप संचालको को परिवहन अधिकारी के समक्ष आवेदन करना था। तय समयावधि के तहत परिवहन आयुक्त द्वारा इसकी मंजूरी दी जाती। इस आदेश का पालन सुनिश्चित कराने का जिम्मा कलेक्टरो का था। यदि किसी पंप में प्रदूषण जांच केन्द्र नही मिला तो उस पर कार्यवाही भी की जानी थी। कलेक्टर को निरीक्षण भी किया जाना था। लेकिन यहां ऐसा कुछ नजर नही आ रहा है।




नतीजन प्रदूषण के चलते श्वांस रोगियो की तादात बढ़ती जा रही है। ऐसी प्रक्रिया के अमल मे आने से पीयूसी केन्द्रो द्वारा प्रदूषण फैलाने वाले वाहनो की जानकारी परिवहन अधिकारी को दी जानी थी जिस पर विभाग की ओर से कार्यवाही की जानी थी। लेकिन इस पर कोई एक्सन नही हो रहा है।

### कमियों की जांच करने नहीं होता निरीक्षण, कागजों में सब ओके

पेट्रोल पंपो में उपभोक्ताओं से धोखाधड़ी, नापजोख में गड़बड़ी व रिकार्ड संधारण में बेधड़क अनियमितताओं का खेल जारी है। जिम्मेदार विभाग पुख्ता जानकारी के बावजूद मौन साधना में है। कागजी खानापूर्ति के लिये कभी कभार निरीक्षण और छुटपुट कार्यवाही का दिखावा करते हुये अपनी बचत तो कर ली जाती है लेकिन हजारों ग्राहको को खुलेआम लुटने के लिये छोड़ दिया गया है। जाहिर है घालमेल के चलते दर्जनों पेट्रोल पंप आधी अधूरी सुविधाओं के बावजूद बेहिचक संचालित है। समूचे जिले में करीब आधा सैकड़ा पेट्रोल पंप संचालित है। इनमें बमुश्किल आधा दर्जन ही नियमों का पालन कर रहे है। शेष सभी का संचालन अपारदर्शी है।

---

# जिले में गेहूं स्टॉक सीमा लागू, व्यापारियों को पोर्टल पर स्टॉक घोषित करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, नई दिल्ली के आदेशानुसार गेहूं के व्यापार में स्टॉक सीमा लागू कर दी गई है। इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए विशिष्ट खाद्य पदार्थों पर लाइसेंसी अपेक्षाओं, स्टॉक सीमा और संचलन प्रतिबंध हटाने (संशोधन) आदेश में बदलाव किया गया है। यह स्टॉक सीमा 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगी।

### ये मात्रा की गई तय

व्यापारियों, थोक विक्रेताओं और रिटेलर्स के लिए स्टॉक सीमा- इस संबध में जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि व्यापारी या थोक विक्रेता अधिकतम 250 मीट्रिक टन गेहूं का भंडारण कर सकते हैं जबकि रिटेलरों के प्रत्येक आउटलेट के लिए 4 मीट्रिक टन की सीमा तय की गई है। बड़ी चेन रिटेलरों के लिए भी प्रति आउटलेट 4 मीट्रिक टन की सीमा निर्धारित की गई है, लेकिन उनके सभी आउटलेट और डिपो में स्टॉक की कुल मात्रा आउटलेट की संख्या से 4 गुणा मीट्रिक टन से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### प्रोसेसर के लिए विशेष प्रावधान

प्रोसेसर के लिए मासिक स्थापित क्षमता के 50 प्रतिशत मात्रा को अप्रैल 2025 तक शेष महीनों से गुणा कर निर्धारित किया जाएगा। इस आदेश के तहत प्रोसेसिंग इकाइयों को अपने स्टाफ की स्थिति स्पष्ट रखनी होगी।

### स्टॉक की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य

सभी इकाइयों को भारत सरकार के खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल https://eveg-oils.nic.in/eosp/login पर अपने स्टॉक की घोषणा करनी होगी। यदि किसी के पास निर्धारित सीमा से अधिक स्टॉक पाया जाता है, तो अधिसूचना जारी होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर उसे स्टॉक सीमा के भीतर लाना अनिवार्य होगा।

### शासन के निर्देशों का पालन करने की अपील

जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के सभी गेहूं व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, रिटेलरों, बड़ी चेन रिटेलरों और प्रोसेसर्स से अनुरोध किया गया है कि वे शासन के निर्देशों का पालन करें और अपने धारित स्टॉक को निर्धारित सीमा में रखें, साथ ही तय समयावधि में पोर्टल पर स्टॉक की स्थिति घोषित करें।

## खबर संक्षेप

### दुग्ध संघ एवं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य होगा अनुबंध

**पन्ना।** भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में गुरूवार, 27 फरवरी को सतना जिले के चित्रकूट में एमपी स्टेट कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य सहकार्यता अनुबंध होगा। अपरान्ह 2.55 बजे प्रस्तावित कार्यक्रम का समस्त सहकारी दुग्ध समितियों एवं ग्राम पंचायतों में सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने दूरदर्शन के माध्यम से लाइव टेलीकास्ट एवं एनआईसी के वेब लिंक के माध्यम से जिले की सभी ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के सीधा प्रसारण की आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

### अचार तुड़ाई एवं संग्रहण 31 मार्च तक प्रतिबंधित

**पन्ना।** वन मण्डलाधिकारी, दक्षिण वन मण्डल कार्यालय द्वारा म.प्र. वनोपज जैव विविधता संरक्षण पोषण कटाई नियम 2005 के तहत निषिद्ध मौसम की घोषणा के संबंध में आमजनों को सूचित किया गया है, जिसके तहत आगामी 31 मार्च तक अचार फलों के तुड़ाई

# धूमधाम से निकली शिव की बारात, हरे मंडप में हुई भगवान गौरीशंकर के विवाह की रस्म





हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

सुनार नदी के तट पर श्मशान घाट के समीप मंदिर में विराजमान दूल्हा वेशधारी भगवान देवश्री गौरीशंकर का विवाह उत्सव बड़े ही उत्साह व धूमधाम के साथ हरे मंडप के नीचे सनातन रीति रिवाज के रस्मों के साथ संपन्न हुआ जहां बारात में आए नंदी भूत प्रेत दैत्य दानवों के साथ असंख्य भक्तों की उपस्थिति रही।

महाशिवरात्रि के पावन पुनीत पर देव श्री गौरीशंकर मदिर में विराजमान दूल्हा वेशधारी भगवान भोलेनाथ का प्रातः काल महा रुद्राभिषेक पूजन कर विशेष श्रृंगार किया गया। इसके उपरांत सायंकाल मुख्य यजमान भूपेंद्र सिंह हजारी सपत्नीक सहित मंदिर के समक्ष बनाए गए आकर्षक हरे मंडप के नीचे आचार्य पंडितों द्वारा भगवान गौरीशंकर के विवाह उत्सव को सभी रस्में विधि-विधान से पूरी की गई। वही सायं कालीन गोधूलि बेला में नगर के कमला नेहरू वार्ड शंकर जी के चबूतरा से हिंदू राष्ट्र कावड़

यात्रा मित्र मंडली द्वारा निकल गई भोले की बारात का आगमन मंदिर के मुख्य गेट पर हुआ जहां पुजारी पंडित रामसुजान पाठक के नेतृत्व में कुंवर पुष्पेंद्र सिंह हजारी अनुराग वर्धन हजारी द्वारा दूल्हा बने भगवान भोलेनाथ व बारातियों के टीका की रस्में पूरी कर बारात की भव्य अगवानी की गई इसके उपरांत भगवान भोलेनाथ और माता गौरी का हर मंडप के नीचे विवाह उत्सव की रस्में पूरी कर विवाह संपन्न कराया गया। इस दौरान भक्तों द्वारा बैंड बाजों के साथ खूब आतिशबाजी कर भोले के भक्तों द्वारा जमकर नृत्य किया गया।

### नगर के प्रमुख मार्गो से निकली शिव बारात

भगवान भोलेनाथ की बारात नगर की कमला नेहरू वार्ड शंकर जी के चबूतरा विंध्यवासिनी मंदिर से हिंदू राष्ट्र कावड़ यात्रा मित्र मंडली द्वारा गाजे बाजे के साथ निकाली गई जिसमें भगवान भोलेनाथ कीअलौकिक सुंदर संजीव झांकी के साथ नंदी भूत प्रेतों सहित असंख्य शिव भक्तों की उपस्थिति रही बारात का शुभारंभ कमला नेहरू वार्ड से राय चौराहा मंदिर मस्जिद चौराहा से भूतेश्वर मंदिर प्यासी मोहल्ला नायक तिगड्डा से पेट्रोल पंप होते हुए चंडी जी के रास्ते से देवी गौरीशंकर मंदिर पहुंची जहां पर बारात की भव्य अगवानी की गई इसके उपरांत भगवान भोलेनाथ का विवाह उत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। भगवान भोलेनाथ की बारात में उपकाशी के असंख्य भक्तों का जनसैलाब देखने को मिला।

पं.रामसुजान पाठक ने भगवान गौरीशंकर के विवाह की रस्मों को विस्तार से बताते हुए कहा कि मंदिर में दूल्हा बेशधारी गौरीशंकर विराजमान है जहां मागरमाटी से लेकर विवाह संपन्न तक समस्त रस्मो को ब्रम्हांड के समस्त देवी देवताओं का आव्हान कर उन्हें भोलेनाथ के विवाह में बुलाया जाता है। विश्व में एक मात्र उपकाशी नगरी में भगवान गौरीशंकर की मूर्ती 24 घंटे जागृत अवस्था में है जहां भक्तो की मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

# भगवान शिव की भव्य बारात निकाली गई



### धूमधाम से बम्होरी मानगढ़ से बांदकपुर धाम तक निकली बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

महाशिवरात्रि के अवसर पर बम्होरी मानगढ़ ग्राम में भगवान शिव की बारात का भव्य आयोजन किया गया। शिवभक्त बाराती बनकर निकाले और बैंड बाजा व डीजे से सजी भगवान भोलेनाथ की बारात पूरी धूमधाम के साथ निकाली गई। हेमराज ठेकेदार राहुल रितेश राय राज राय परिवार और ग्राम वासियों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में भगवान शिव की बारात को सजाने और नगर भ्रमण किया गया। इसके बाद भगवान शिव की बारात की झांकी के साथ डीजे ढोल नगाड़ों के साथ सैकड़ो वाहनों का काफिला बम्होरी मझगुंबा रोड़ पटना मानगढ़ बनवार बलारपुर होते हुए देर शाम बांदकपुर धाम पहुंचे और भगवान शिव पार्वती विवाह महोत्सव में शामिल हुए। ग्राम ग्राम में भगवान शिव की बारात का भव्य स्वागत किया गया और श्रद्धालुओं के द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा करते हुए भगवान भोलेनाथ की बारात का भक्ति उत्साह के साथ स्वागत किया गया।

# नोहलेश्वर महोत्सव को देश-विदेश में भी मिलेगी विशेष पहचान - मंत्री धर्मेन्द्र सिंह

### नोहलेश्वर महोत्सव में शैलेष लोढ़ा ने हास्य के साथ शिक्षाप्रद कविताओं का किया पाठ

### कवि सम्मेलन में कवियों ने खूब हंसाया, जनता ने भी खूब प्यार बरसाया





हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

नोहलेश्वर महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में सातवें दिवस मंगलवार रात को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विराट कवि सम्मेलन हुआ। देर रात तक चल इस कवि सम्मेलन में मशहूर कवि शैलेंश लोढ़ा को सुनने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ा। लोग कवियों के व्यंग्यों, हास्य, कविताओं का जमकर लुप्त उठाया। नोहलेश्वर महोत्सव के सातवें दिवस की विधिवत शुरूआत अतिथियों द्वारा श्री गणेश के पूजन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गयी। तत्पश्चात कार्यक्रम के संयोजक नितेन्द्र लोधी द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्प हार पहना कर किया गया। कार्यक्रम में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, अभिषेक गोपाल भार्गव, पूर्व विधायक विजय सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री दशरथ सिंह लोधी, पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा नरेंद्र व्यास, जिला संघ चालक डॉक्टर अश्वनी नामदेव, जिला प्रचारक भैयान जी, जनपद पंचायत दमोह अध्यक्ष प्रतिनिधि राज ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य कौशल पोर्ते, संजय खरे, अनवर खान, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष भरत यादव, अमर सिंह राजपूत, संजय यादव, लक्ष्मण सिंह, अंबालाल पटेल मंचासीन रहे जिनका आयोजन समिति द्वारा स्वागत किया गया। राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि 19 फरवरी से 28 फरवरी तक नालेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा पांच दिवस देश-विदेश की प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुतियां हुई साथ ही हेलीकॉप्टर के माध्यम से लोगों ने अपने और अपने परिवार के सपनों को पूरा किया। ऐसे ही लोगों के अपार स्नेह और सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद और आगामी वर्षों में यह महोत्सव प्रदेश में ही नहीं देश और विदेश में भी पहचाना जाएगा। रात को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद विराट कवि सम्मेलन हुआ। विराट कवि सम्मेलन में शैलेश लोढ़ा, संजय झाला, सुनील समैया, ने कविताएं सुनाई। रात को शुरू हुए कवि सम्मेलन में शैलेश लोढ़ा को सुनने के लिए हजारों श्रोता रात तक जमें रहे। इससे पहले स्थानीय कलाकारों के साथ श्रुति अधिकारी और साथी कलाकारों ने प्रस्तुति दी। महोत्सव में मशहूर कवि शैलेंश लोढ़ा ने लोगों को प्रणाम कर कविता व व्यंग्य की प्रस्तुति दी। लोढ़ा ने कहा कि

सच है इरादे हमारे विध्वंसक नहीं है, अकारण युद्ध के हम भी प्रशंसक नहीं है, अहिंसा के पुजारी हम है लेकिन, सुनले दुनिया अहिंसक हैं हम नपुंसक नहीं है

21वीं सदी का बस इतना सा प्रभाव है, पहले अभाव में खुशियां थीं, अब खुशियों का अभाव है। सहजता थी सादगी थी बंदगी थी ये वाट्सअप और फेसबुक नहीं थी, तब ज़िंदिगी थी। कुछ ऐसी ही कविता और शायरी के माध्यम से शैलेश लोढ़ा ने हास्य के साथ जीवन के लिए महत्वपूर्ण सीख दी। मनु वैशाली शिवपुरी, मध्य प्रदेश से हैं। ये श्रृंगार रस में अपनी रचनायें लिखती हैं और तरन्नुम में गाती हैं। इन्होंने अन्य रचनाओं के साथ मशहूर मोहिनी छंद की प्रस्तुति नैनन को मीच-मीच नैन कोर खीच-खींच, मोटी कजरारी कारी धार करे मोहिनी, मुस्काये मंद - मंद मन में ही मीत संग मीठी-मीठी मौन मनुहार करे मोहिनी, देख हाल चाल-ढाल आइना करै कमाल, जाने कौन बात पे विचार करे मोहिनी, बिसराय सुध-बुध खोई खड़ी ऐसन कि, करके श्रृंगार बार-बार करे मोहिनी कवि सम्मेलन के पूर्व भोपाल से आई हुई श्रुति अधिकारी एवं उनके साथियों द्वारा प्रसिद्ध पंचनाद के माध्यम से विभिन्न गीत संगीत और भजनों की प्रस्तुति दी।

### महाशिवरात्रि पर राधा कृष्ण ने की थी भगवान शिव की गोपी रूप में पूजा



**बनवार।** खमरिया तिराहा पर चल रही दिव्य श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया और महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन भी किया गया। बालव्यास पं.ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने कथा का वाचन करते हुए बताया की भगवान शिव के अनेकों नाम हैं, अनेकों रूप हैं। कोई महाकाल कहता है, कोई विश्वनाथ, तो कोई केदारनाथ। देवों के देव महादेव का ब्रज में अलग ही रूप में पूजा की जाती है। यहां भगवान शिव गोपी के रूप में विराजमान हैं और उनकी सबसे पहले महाशिवरात्रि पर पूजा भगवान राधा कृष्ण ने की थी। जब भगवान श्री कृष्ण ने 16 हजार 108 गोपियों के साथ महारास रचाया था तब वृंदावन में भोले बाबा आ गए और भगवान श्री कृष्ण ने उनको गोपी रूप में विराजमान करने का आदेश दे दिया और यमुना के किनारे वह गोपेश्वर महादेव के रूप में वहां बैठ गए। उसके बाद भगवान श्री कृष्ण राधा जी ने उनका महाशिवरात्रि में सर्वप्रथम पूजन किया था और अभी भी शिवलिंग पर उनकी उंगलियों के निशान बने हुए हैं।

### समर्पण भाव से ही परमात्मा को प्राप्त किया जा सकता है-आशीष शास्त्री

**बनवार।** ग्राम पटना मानगढ़ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास पंडित आशीष कृष्ण शास्त्री उद्धव जी के ब्रज गमन की कथा श्रवण कराते हुए उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्ति के अहंकार को नष्ट करने के लिए प्रेम का संपुट लगाते हैं। इसीलिए उद्धव जी को प्रेम की नगरी वृंदावन गोपियों को समझने के लिए भेजते हैं। उद्यान गोपियों से कहा कि ईश्वर को योग ध्यान और भक्ति के भाव से प्राप्त किया जा सकता है तब गोपियों ने प्रेम के माध्यम से कृष्ण प्रकट करके उद्धव के अहंकार को नष्ट किया और यही कारण है कि भगवान शिव भी स्वयं गोपेश्वर बनाकर के महारास करने रास मंडल में पधारे आगे शास्त्री जी ने सुदामा चरित्र के माध्यम से भगवान कृष्ण की मित्रता का वर्णन किया। अंत में 24 गुरुओं की कथा का वर्णन करते हुए परीक्षित मोक्ष के साथ कथा का विश्राम हुआ। भगवान के होली उत्सव के साथ-साथ शिवजी की दिव्य झांकी देख करके समस्त कथा पंडाल में उपस्थित रहीं। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने राधा कृष्ण की झांकी के साथ होली उत्सव को मनाया।

# धूमधाम से निकाली भोलेनाथ की बारात, विधि विधाने से हुआ विवाह



**झलौन।** झलौन में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ का विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ग्रामवासियों द्वारा शिव पार्वती जी की मूर्ति बनाकर शिव महापुराण में वर्णित कथा के अनुसार विवाह संपन्न किया जाता है। इस बार ग्राम दिनारी व्यारमा दिन के किनारे स्थित शिव मंदिर से बारात ग्राम झलौन डॉ. बंगाली जी के था स्थित शिवपार्वती मंदिर आई। ग्राम झलौन बुंदेली नृत्य और गायन, बैंड पार्टी, डीजे के साथ, सेहरी ग्राम का अखाडे के द्वारा विभिन्न प्रतीति दी गई विशाल शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुयों द्वारा अपने अपने घरों के सामने पुष्पांजलि अर्पित कर भगवाग शिव की आरती उतारी। इस मनोरम दृश्य देखने के लिए अन्य ग्रामों से जन सैलाब उमर पड़ा। सुबह से ग्राम का माहौल भक्ति में हो गया। सुबह 8 बजे से ओम नमः शिवाय का जाप होते हुए मिट्टी के शिवलिंग का निर्माण भी हुआ। शोभायात्रा के पश्चात हिंदू रीति रिवाज की अनुसार शिव पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। तत्पश्चात मिट्टी की निर्मित शिवलिंगों का रात्रि में वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ अभिषेक हुआ। इस दिव्या कार्यक्रम का मंत्र उच्चारण पूजन क्रम ग्रामाचार्य पंडित अशोक तिवारी पुजारी जी द्वारा संपन्न कराया गया।

# कांग्रेस की सक्रियता से छात्रों को मिले लैपटॉप

**गैसाबाद।** विगत दिवस मध्य प्रदेश के दौरे पर निकले मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के ग्राम गैसाबाद आगमन पर हटा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौपा गया था जिसमें उल्लेख किया गया था कि प्रदेश की भाजपा सरकार की घोषणा अनुसार कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान लाने वाले छात्र को लैपटॉप एवं कक्षा 12वीं में 75% अंक प्राप्त करने वाले छात्र को ₹25000 की राशि प्रदान की जाएगी। लेकिन शिक्षा विभाग का दूसरा शास्त्र समाप्त होने को है और अब तक छात्रों को सरकार द्वारा लैपटॉप एवं राशि वितरण नहीं की गई है, उक्त ज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने यह प्रसन विधानसभा के अंदर उठाया, जिसके जवाब में सरकार ने शीघ्र ही छात्रों को लैपटॉप एवं राशि वितरण किए जाने की बात कही और सरकार को छात्रों को लैपटॉप एवं राशि वितरण करनी पड़ी। गौरतलब है कि छात्रों की इस समस्या को लेकर हरिभूमि ने भी प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था। छात्रों को लैपटॉप एवं राशि मिलने पर छात्रों के अभिभावको ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार और हरिभूमि परिवार का आभार व्यक्त किया। इस मामले पर जब गैसाबाद संकुल प्रभारी प्राचार्य संतोष तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया कि हमारे स्कूल में आठ छात्रों को लैपटॉप की राशि एवं दो छात्रों को स्कूटी की राशि प्राप्त हुई है।

# नोहलेश्वर महोत्सव कार्यक्रम में काव्य संग्रह का हुआ विमोचन



**दमोह।** नोहटा में आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव में दिनांक 25.02.2025 को पं. जीवन लाल मिश्रा वरिष्ठ कवि शिक्षक सेवानिवृत्त जिला शिक्षा कार्यक्रम अधिकारी आपको महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जा चुका है नोहलेश्वर महोत्सव में भारत के ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय कवि तारक मेहता का उल्टा चश्मा वाले शैलेश लोढ़ा एवं मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति पर्यटन स्वतंत्र प्रभार मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के कर कमलों से जीवन लाल मिश्रा के दो काव्य संग्रहों चेतना के स्वर व अशेष स्मृतियां का भव्य विमोचन किया गया, आपके दोनों काव्य संग्रहों की 80-80 रचनाएँ भारतीय संस्कृति व साहित्य की अमूल्य निधि है, शैलेश लोढ़ा व मंत्री ने श्री मिश्रा का सम्मान पूर्वक अभिवादन कर दोनों काव्य संग्रहों की रचना पर बधाई प्रेषित की।

# कंस वध और श्री कृष्ण रुक्मणि विवाह का प्रसंग सुनाया

**बनवार।** बनवार ग्राम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा वाचक उमाशंकर शास्त्री ने कथा सुनाते हुए कहा कि बड़े-बड़े विद्वान भी ब्रज भूमि की रज के लिए अभिभूत होते हैं। भगवान के अवतार का कारण केवल उनकी करूणा और महानता है। भगवान भक्तों की इच्छाओं को पूरा करते हैं। वृंदावन में भगवान केवल मनुष्य ही नहीं बल्कि पशुओं और पक्षियों के लिए सुलभ हैं। वे सबके मनोवृत पूरा करते हैं। गाय के लिए कृष्णा बछड़ा बन उसकी मनोरथ पूरा करते हैं। जहां बंदर मनोरथ करते हैं कि भगवान अपने हाथों से माखन खिलाए, तो भगवान अपने हाथों से बंदरों को माखन खिलाते हैं। यहां तक कि भगवान शत्रुओं का भी मनोरथ पूरा करते हैं। गोपियों के मनोरथ को भगवान ने पूरा किया। वही सत्यनारायण और पूर्ण नारायण हैं। भगवान ने गोपियों के मनोरथ के लिए रास रचाई।उन्होंने आगे कहा कि भगवान की रास लीला ही भागवत का सार है। व्यक्ति और व्यक्तित्व में बड़ा अंतर है। मानव और भगवान में बड़ा अंतर है। सम्पूर्ण विश्व की आत्मा ऐसी लीला करे वह रासलीला है। भगवान ने शरद पूर्णिमा की रात्रि रमण की इच्छा से अपने मन चक्र से योगमाया की सहायता से रास लीला की। योगमाया के बिना भगवान की लीला दिखती नहीं है। संसार में जिस प्रकार भगवान की बांसुरी की धुन प्रत्येक गोपियों को ऐसा प्रतीत कर रही थी कि यह धुन सिर्फ मेरे लिए है। जब हमें भी इस प्रकार का आभास हो तब यह मानना चाहिए कि हमारा मन निर्मल हो रहा है। संसार महत्वपूर्ण नहीं, भगवानदौरान 'बंसी जोर की बजाई रे' न पर पंडाल में उपस्थित श्रोतागण झूम उठे। कृष्ण रुक्मणि विवाह का नाट्य रूपांतरण भी किया गया।

# महाशिवरात्रि पर ज्योति कलश रथ यात्रा का हुआ शुभारंभ



**हटा।** वंदनीया माता जी भगवती देवी शर्मा एवं अखंड दीप की जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर गायत्री शक्तिपीठ प्रांगण में शंखनाद ध्वनि के साथ शक्ति कलश एवं अखंड दीप का वेद मंत्रों के साथ पूजन अर्चन किया गया। गायत्री परिजन डॉ सी एल नेमा ने बताया कि आज का दिन अति महत्वपूर्ण है महाकाल की नगरी उज्जैन से मध्य प्रदेश के 6 उपजोनों के लिए ज्योति कलश रथ यात्राएं आज से ही प्रारंभ हो रही हैं। गंगाराम पटेल जनपद पंचायत अध्यक्ष ने झंडी दिखाकर ज्योति कलश रथ को रवाना किया। इस रथ में समय दानी कार्यकर्ता राजाराम सिंह लोधी, बृजलाल पटैल, गंगाराम नामदेव, मुन्ना गुलरया चल रहे हैं। इस अवसर पर माखनलाल नेमा, रतन अग्रवाल ,संजय सिंह राजपूत, रामकिशोर दुबे पंडित मदन गोपाल दुबे, शैलेंद्र नायक, की उपस्थिति रही।यह रथ हटा से देवडोंगरा, हिंडोरिया ,बांदकपुर अभाना होते हुए नोहलेश्वर मंदिर नोहटा पहुंचा। जहां पर गायत्री परिवार के परिजनों भावसिंह मासाब एवं अनेक परिजनों ने कलश का स्वागत वंदन किया।

**अजबधाम में जै जै सरकार वार्षिक उत्सव में शामिल हुये सीएम डॉ मोहन यादव, अजबधाम की व्यवस्थाओं के लिये 5 लाख की घोषणा**

# अजबधाम आकर ऐसा लगा जैसे रेगिस्तान में शीतल जल और छांव मिल गई हो: मुख्यमंत्री

**किसान भाई चिंता न करें अब 2600 रूपये प्रति क्विटल के मान से गेंहू खरीदा जाएगा : मुख्यमंत्री**

## किसानों को अपनी जमीन छोड़कर नहीं जाना, आपकी जमीन ही आपकी जिंदगी बदलेगी, सरकार सारी व्यवस्था कर रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

आज शिवरात्रि का दिन है, इस पवित्र स्थान पर संत जै जै सरकार जी विराजमान है, अजबधाम आकर ऐसा लग रहा जैसे रेगिस्तान में शीतल जल और छांव मिल गई हो, यह क्षेत्र पथरिया का पहले फतेहपुर था, अब अजबधाम हो गया है। परमात्मा करे ऐसे कार्य हमारी सरकार रोज करें, बाबा महाकाल के दरबार में शीश झुककर आया हूं, हम देवी-देवताओं को भोग लगाते है, यह हमारी संस्कृति और परम्परा है, 56 भोग का अलग ही आनन्द है, भगवान भाव के भूखे होते है, उनकी कृपा भक्तो पर है। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पथरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अजबधाम में महाशिवरात्री के पावन पर्व के अवसर पर श्रद्धालुजनों को संबोधित करते हुये कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर प्रदेश और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंच पर पहुंचकर मलुकपीठ श्री राजेन्द्र दास जी महाराज, श्री श्रवणआनंद सरस्वती जी महाराज, किशोरदास जी महराज गौरी कुंज, महंत श्री हरिदास सहित मौजूद संतो को नमन कर आर्शीवाद प्राप्त किया। इस दौरान जै जै सरकार ने मुख्यमंत्री को साफा बांधकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मंच से रिमोट दबाकर फतेहपुर गांव का नाम बदलकर अजबधाम किया। साथ ही मन्दिर प्रबंधन द्वारा बनाये जाने वाले जै जै गुरुकुल का भूमिपूजन किया। उन्होंने अजबधाम की व्यवस्थाओं के लिये 5 लाख रूपये देने की घोषणा की। राज्यमंत्री श्री लखन पटेल की मांग पर मुख्यमंत्री ने पथरिया विधानसभा में विकास कार्यो की सौगात भी दी। उन्होंने राष्ट्रवादी विचारक श्री केसी सुदर्शन जी के नाम से हायर सेकेंडरी स्कूल एवं पथरिया में 51 करोड़ की लागत से वायपास की मांग पर घोषणा की।



### खास बातें

- मंच से रिमोट का बटन दबाकर फतेहपुर गांव का नाम बदलकर अजबधाम किया
- मंदिर प्रबंधन द्वारा बनाये जाने वाले जै जै गुरुकुल का हुआ भूमिपूजन
- राज्यमंत्री श्री लखन पटेल की मांग पर मुख्यमंत्री ने पथरिया विधानसभा में विकास कार्यो की सौगात भी दी
- श्री केसी सुदर्शन जी के नाम से हायर सेकेंडरी स्कूल एवं पथरिया में 51 करोड़ की लागत से वायपास की मांग पर की घोषणा







मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा संत अपने परिवार, अपना घर, अपना सब कुछ छोड़कर पूरे समाज का मार्गदर्शन करने के लिए आजीवन व्रत लेकर हमारे बीच है, जैसे भगवान सूर्य नारायण अपने आप को जलाकर सभी को रोशनी बिखरते हैं यह संत परंपरा भी हमें ऐसे ही ऊर्जा देती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री सुदर्शन जी के नाम से यहां हायर सेकेंडरी स्कूल की घोषणा करते हुये कहा अजबधाम पर सुदर्शन जी का इतिहास जीवित होना गर्व की बात है। सुदर्शन जी मूल रूप से इंजीनियर थे उनमें बहुत सारी अलग-अलग प्रकार की प्रतिभाएं थी, उन्होंने कई सारे क्षेत्रों में काम किया खास करके हमारी सनातन संस्कृति में पाश्चात्य विचारों को हटाने के लिए, प्राकृतिक चिकित्सा के लिए, संस्कृत के लिए काम किया। उन्हें बहुत सारी भाषाएं आती थी लेकिन राष्ट्रभाषा का जो प्रेम रहा है वह अमूल्य है। श्री सुदर्शन जी का एक नहीं कई सारे कर्म से अजब धाम पर इतिहास जीवंत होता है, यह हमारे लिए गर्व की बात है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के माध्यम से पूरे बुंदेलखंड में नदी जोड़ो अभियान चलाया जा रहा है, केन-वेतबा लिंक परियोजना से मध्यप्रदेश और बुंदेलखंड की तकदीर बदलने जा रही है। केन-वेतबा लिंक परियोजना के माध्यम से अब बुंदेलखंड की तकदीर बदलकर समूचे पंजाब को पीछे छोड़ेंगे। यहां के लोगों ने बहुत कष्ट सहे है, अब समय बदला है। उन्होंने किसानो से कहा अब अपनी जमीन छोड़कर नहीं जाना, आपकी जमीन ही आपकी जिंदगी बदलेगी, सरकार सारी व्यवस्था कर रही है। आप अनावश्यक शादी के खर्चो से बचिए, पैसा शिक्षा पर खर्च करिए।

मुख्यमंत्री श्री यादव ने कहा किसान भाई चिंता न करें अब 2600 रूपये प्रति क्विंटल के मान से गेंहू खरीदा जाएगा। मध्य प्रदेश में युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए, किसान, महिलाओं, गरीब सभी की जिंदगी बदलने के लिए अभियान चलाया हुआ है, मध्य प्रदेश के अंदर एक-एक युवा को उसके लायक काम दिलाने का हमारा संकल्प है, इस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा प्रदेश में बिजली, पानी और सड़क की जो महत्ता है हमारी सरकार सारे काम कर रही है। ऐसे में हमारा फर्ज बनता है हम भावी पीढ़ी के लिए अपने पूर्वजो की धरोहरो को बचा कर रखे। मध्यप्रदेश के अंदर गौपालन को बढ़ावा देने के लिये सरकार आगे बढ़ रही है। दुग्ध खरीदने की गारंटी सरकार दे रही है। दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये बोनस दे रहे है।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने सभा को संबोधित करते हुये कहा मेरे छोटे से आग्रह पर मुख्यमंत्री जी अजब धाम कार्यक्रम में पधारे और पर्याप्त समय दिया। उन्होंने 20 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजन यज्ञ और 27 कुंडीय यज्ञ में पधारे सभी धर्मप्रेमियों का अभिनन्दन किया।

राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा मुख्यमंत्री जी का आशीर्वाद और प्रेम हम सब पर है, हमारी छोटी सी मांग को स्वीकार करते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष मांगे रखी यथा फतेहपुर को तहसील का दर्जा, आधा हिस्सा हटा विधानसभा क्षेत्र में आता है अनुविभाग की मांग के साथ भिलोनी के लिए हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल मांग रखी भिलोनी आदिवासी क्षेत्र वहां पर बहुत बड़ा काम हो जायेगा। उन्होंने कहा फतेहपुर बहुत पुरानी टप्पा तहसील है, टप्पा तहसील को तहसील करने की मांग रखी।

इस अवसर पर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धर्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह, पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक श्री जयंत कुमार मलैया, हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक, मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल, पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह, गोपाल पटैल, जनपद अध्यक्ष बटियागढ़ रामरानी, जनपद अध्यक्ष पथरिया खिलान अहिरवार, धर्मेन्द्र कटारे, गौरव पटैल, लोकेन्द्र पटैल (लकी भैया) कार्यक्रम के आयोजक देव राम कुमार, मन्दिर के महंत रामनुग्रह दास छोटे सरकार सहित श्रद्धालुजन मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.आलोक सोनवलकर ने एवं आभार प्रदर्शन भाजपा जिलाध्यक्ष श्री श्याम शिवहरे ने व्यक्त किया।

### अजबधाम स्थित हेलीपैड पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

**दमोह।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव दमोह जिले के पथरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अजबधाम बरी रोड स्थित हेलीपैड पहुंचने पर पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह लोधी, पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, जिला भाजपा अध्यक्ष शिवराम शिवहरे, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर डीआईजी सागर सुनील कुमार जैन, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, एस.डी.एम. सौरभ गंधर्व एवं अधिकारीगण मौजूद थे।

# महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ की भक्ति में झूमे श्रद्धालुगण

## जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, सवा 2 लाख भक्तों के दर्शनों का अनुमान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

प्रसिद्ध तीर्थ स्थल देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में रात्रि 3:00 पट खुल गए थे और नित्य पूजन अभिषेक भोग इत्यादि के बाद भक्तों को दर्शनों के लिए मन्दिर खोल दिया था और प्रभात कल से ही हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं की लाइन लगी थी और भक्त गण शिव जी के दर्शन एवं अभिषेक के लिए लगातार कतार में लगे हुए थे। इसके अलावा दमोह शहर से एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार ही गाजे-बाजे के साथ सैकड़ों की तादाद में लोगों का जनसमूह के साथ बांदकपुर पहुंच रहे है। आज समुचे दिनभर जहां शिवजी का पूजन अभिषेक का क्रम चलता विवाह की अन्य रस्मे भी दिन में पूर्ण हुई, वहीं दूसरी ओर रात्रि में शिव पार्वती का विवाह बड़े ही धूमधाम के साथ मनाने की बड़े स्तर पर तैयारियां भी पूर्ण हो चुकी थी मंदिर को भव्य साज-सज्जा के साथ सजाया गया है मंदिर ट्रस्ट के साथ साथ एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा एसडीएम आर एल बागरी प्रशासन के को श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी का सामना करना ना करना पड़े इसका पूरा ध्यान रखते हुए बड़ी संख्या पुलिस बल के साथ पूरे समय मंदिर में मौजूदगी रही। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य सुविधा सहित किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे दोपहर तक करीब 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान देव श्री जागेश्वर नाथ महादेव के दर्शन कर लिए थे और यह क्रम एक सा देर रात्रि तक शिव पार्वती विवाह महोत्सव तक चलता रहा जिससे अनुमान है कि महाशिवरात्रि पर्व पर सवा दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान जागेश्वर नाथ महादेव के दर्शन किए है।

मंदिर कमेटी के प्रबंधक राम कृपाल पाठक ने बताया कि प्रभात काल से लगातार ही शिव भक्तों का आना जारी है और हजारों की तादाद में कावड़िए पहुंचे और प्रातः काल में मां नर्मदा जल से भगवान जागेश्वर नाथ महादेव का अभिषेक किया वही अभी भी कावड़ियों आने-जाने का सिलसिला जारी है रात्रि में शिवजी के विवाह की समुचित तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और इसके लिए प्रशासनिक एवं समिति स्तर पर भी सुरक्षा के प्रबंध किए गए हैं इसके अलावा मेले का भी भव्य आयोजन किया गया है जिसमें चारों ओर दुकानों में लोगों की भारी भीड़ नजर आ रही जहां तक देखो श्रद्धालु ही श्रद्धालु नजर आ रहे थे। संध्याकालीन श्रंगार एकादशी आरती महाशिवरात्रि पर्व विशेष होती है जिसके बाद माता पार्वती भगवान शिव गठबंधन ग्रंथि बंधन शिव पार्वती विवाह का भव्य आयोजन में लघु रुद्राभिषेक मंदिर मैं आज चारों पहर पूजन क्रम चलता है और मंदिर के कपाट पूरी रात्रि खुले रहते हैं शिव पार्वती विवाह भक्ति महोत्सव बड़े भव्यता के साथ मनाया जाता है जिसके लिए मंदिर प्रबंधन समिति की व्यवस्थाओं के साथ-साथ पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था तटस्थ रहती है वही मंदिर के बाहर परिसर में भजन संध्या अनेकों धार्मिक कार्यक्रम रात्रि भर चलते रहते हैं।

### सांसद ने किया भगवान जागेश्वर नाथ का पूजन



दमोह। सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रातः 04 बजे कावड़ियों एवं श्रद्धालुओं के साथ मंदिर गर्भ गृह के बाहर से ही भगवान जागेश्वर नाथ की आरती-पूजन कर, जल अर्पण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

## मंदिर एंव मेला प्रांगण में पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा



**बनवार।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल देव श्री जागेश्वर नाथमहादेव में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इस अवसर पर संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराई, जिससे श्रद्धालुओं का उत्साह और बढ़ गया। इस पुष्प वर्षा के दौरान मंदिर से लेकर मेला प्रांगण मार्ग पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। महाशिवरात्रि पावन पर्व पर श्री देव जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर मंदिर के ऊपर से और दूर-दूर से आए कावंड़ियों के ऊपर भव्य पुष्प वर्षा की गई। महाशिवरात्रि पर्व पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की मांग की जा रही थी और मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी जी के अनुज सत्येंद्र सिंह और पूर्व मंत्रि पुत्र सिद्धार्थ मलैया ने श्रद्धालुओं की इस मांग को पूरा किया है। सभी भक्तों ने इस पुष्प वर्षा का आनंद लिया और महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व को और भी खास बनाया। इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था में एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा, एडीएम मीना मसराम के अलावा पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर देव श्री जागेश्वर नाथमहादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है, और सभी ने इस पुष्प वर्षा का आनंद लिया है।

**जेलर की अनोखी पहल की हो रही सराहना**

## हटा उपजेल में जेलर ने बंदियों को कराये महाकुंभ स्नान



**हटा।** उपजेल में जेलर नागेंद्र चौधरी द्वारा महाशिवरात्रि पर्व पर बंदियों को महाकुंभ स्नान कराएं जाने की अनोखी पहल की जहां प्रातः काल पूजा अर्चना कर स्टाफ व कन्याओं के द्वारा पूजन अर्चन कर प्रयागराज त्रिवेणी संगम से गंगाजल लाकर जेल में बंद सनातनी बंदियों को महाकुंभ का शाही स्नान कराया गया इसके उपरांत सभी बंदियों ने जेल परिसर में भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन कर अभिषेक-पूजन किया इसके उपरांत जेल अधीक्षक नागेंद्र चौधरी व स्टाफ द्वारा बंदियों को प्रसाद वितरण कर विशेष भोजन की व्यवस्था कराई गई जेल अधीक्षक की इस अनोखी पहल से लोगों द्वारा काफी सराहना की जा रही है।

## वैश्य समाज ने नवनिर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष का किया स्वागत, कोर कमेटी की बैठक संपन्न



**दमोह** जिले में वैश्य महासम्मेलन के बैनर तले वैश्य समाज के द्वारा प्रत्येक माह मासिक बैठक का आयोजन किया जाता है जिसमें पारिवारिक मिलन समारोह भी आयोजित किया जाता है इसी क्रम में चौथी मासिक बैठक,कोर कमेटी की बैठक,भाजपा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया का स्वागत पारिवारिक मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन वैश्य भवन में किया गया जिसमें सभी ने पंक्चुअलिटी गेम सहित अन्य गेम खेलकर गेम का आनंद लिया सर्वप्रथम कार्यक्रम में माता लक्ष्मी का पूजन अर्चन किया गया सभी ने गेम का आनंद लिया वहीं चाट चौपाटी का आनंद उठाया वैश्य समाज के द्वारा नवनिर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया का शाल श्रीफल पुष्प माला से स्वागत सम्मान किया गया । वहीं भाषण में भाजपा जिला अध्यक्ष के द्वारा कहा गया कि हमारी वैश्य समाज लेने वाली नहीं देने वाली है जो हर क्षेत्र में बढ़कर दान देता है । बैठक में मुख्य रूप से संभागीय अध्यक्ष राकेश अग्रवाल संभागीय महामंत्री सुशील गुप्ता महिला संभागीय अध्यक्ष रितु अग्रवाल संभाग प्रभारी जुगल अग्रवाल जिला प्रभारी पदम इटोरिया जिला अध्यक्ष के सी अग्रवाल महिला प्रभारी विद्या असाटी अध्यक्ष सुनीता गुप्ता युवा अध्यक्ष विकास अग्रवाल नगर महिला अध्यक्ष अनीता अग्रवाल नगर अध्यक्ष सत्य प्रकाश असाटी युवा नगर अध्यक्ष राजू नामदेव भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार सुमन अग्रवाल कंचन असाटी रमा अशोक अग्रवाल निशा अग्रवाल राजेंद्र असाटी दिनेश गुप्ता ज्योति स्वप्नेशअग्रवाल सीमा अनिल अग्रवाल नीलू राजेंद्र अग्रवाल शिखा संतोष अग्रवाल सविता मनीष जैन संगीता सुशील अग्रवाल निर्मला गुप्ता बरखा बंटी गुप्ता नंदा मुकेश असाटी मालती असाटी विष्णु गुप्ता गिरजा साहू रश्मि ललित असाटी हेमा नामदेव रश्मि संदीप नामदेव सरोजिनी राजकुमार नामदेव सरिता अनिल नेमा मोना वीरेंद्र असाटी अनामिका सचिन असाटी लकी सोनी मंजू अनिल अग्रवाल रजनी गुड्डा साहू लक्ष्मी अग्रवाल साधना विनोद गुप्ता कमला भगवान दास साह निवेदिता अनुराग साहू ज्योति प्रदीप गुप्ता माया राजेश गुप्ता मनीषा गिरधारी गुप्ता माधुरी सोनू गुप्ता नूतन राजेश साहू वीणा किशोरी लाल अग्रवाल संगीता मनीष नायक कल्पना प्रभु पोद्दार शोभा राजकुमार असाटी सुषमा विश्वकर्मा छाया राजेश साहू बबीता महेंद्र साहू अमित विकल्प जैन नीलिमा वीरेंद्र अग्रवाल तुलसा बृजेश नामदेव निक्की रेणु गुप्ता सहित बड़ी संख्या में वैश्य बन्धुओं की उपस्थिति रही।